लकीरों की जुबानी



सोहन कादरी एक ऐसे पेंटर हैं, जिन्हें एब्सट्रेक्ट आर्ट का मास्टर कहा जाता है। उनकी पेंटिंग्स में न सिर्फ तांत्रिक और धार्मिक चिन्हों का भरपूर प्रयोग देखने को मिलता है, बल्कि रंगों और उनके मनोवैज्ञानिक असर की भी गहरी समझ साफ दिखाई देती है। पंजाब में जन्मे सोहन अफ्रीका, यूरोप और यूएसए में भी रह चुके हैं। इन जगहों के अनुभव ने उनकी कला को और निखारने का काम किया। उनकी कला प्रदर्शनी 'द मोमेंट', 26 अक्टूबर से 3 नवंबर तक, सुंदर नगर स्थित कुमार गैलरी में सुबह 11 से शाम 7 बजे के बीच देखी जा सकती है।